तापमान

अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 4 अप्रैल 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



13 काली गुफा में जगमगा रहे 9 मनोकामना ज्योत





14 शराब दुकान को हटाने दानीटोला के रहवासियों ने...




## नवरात्रि विशेष



### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय, जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

## खबर संक्षेप

### विद्याकुंज स्कूल लोहरसी में वार्षिक उत्सव आज से

**धमतरी।** विद्याकुंज स्कूल लोहरसी का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम 4 एवं 5 अप्रैल को शाम 5 बजे रखा गया है। स्कूली बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत नृत्य, प्रहसन, भाषण, कविता प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा होंगे। प्रथम दिवस 4 अप्रैल को शाम 5 बजे प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा 4 तक के बच्चे कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। द्वितीय दिवस 5 अप्रैल को शाम 5 बजे से कक्षा पांचवीं से लेकर 12वीं के बच्चे परफार्मेंस करेंगे।

### सिहावा रोड में बटंची चाकू लहराते युवक गिरफ्तार



**धमतरी।** सरेराह धारदार बटंची चाकू लहराकर लोगों को डरा रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पेट्रोलिंग पर निकली कोतवाली पुलिस को मुखबीर से सिहावा रोड में पूजा राइस मिल के पास एक युवक द्वारा बटंची चाकू लहराने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची, जहां एक युवक को हाथ में धारदार बटंची चाकू लहराते पाया। पुलिस ने घेराबंदी कर युवक के कब्जे से बटंची चाकू जब्त किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गुलशन उर्फ पिंटू साहू पिता धनीराम उम्र 25 वर्ष निवासी बरपारा दानीटोला बताया। पुलिस ने आरोपी गुलशन साहू उर्फ पिंटू को धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया है।

एग्रीस्टेक पंजीयन में धमतरी जिला चौथे नम्बर पर

# टाइम लाइन समाप्त, फिर भी चल रहा किसान पंजीयन

**किसान पंजीयन की स्थिति**

| तहसील | पंजीयन |
|---|---|
| बेलरगांव | 6729 |
| भखारा | 19001 |
| धमतरी | 19553 |
| कुकरेल | 7015 |
| कुरूद | 23303 |
| मगरलोड | 18123 |
| नगरी | 7801 |
| योग | 101524 |



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

तय समय में एग्रीस्टेक में किसानों का पंजीयन पूरा नहीं हो पाया है। राहत की बात है कि पंजीयन के लिए वेबसाइट अभी खुली हुई है। ऐसे में अधिकारी पंजीयन कम्पलीट करने में जुटे हुए हैं। जिले में अब तक करीब 80 प्रतिशत पंजीयन हो चुका है। पंजीयन के मामले में पूरे प्रदेश चौथे नम्बर पर है।

किसानों को तकनीक से जोड़ते हुए डिजिटल कृषि मिशन के तहत किसानों की फार्मर आईडी बनाई जा रही है। यह आईडी एग्रीस्टेक वेबसाइट में तैयार की जा रही है। जानकारी के अनुसार मार्च माह तक किसान पंजीयन के लिए टाइम लाइन निर्धारित की गई थी लेकिन निर्धारित टाइम लाइन में किसान पंजीयन पूरा नहीं हो पाया। स्थिति को देखते हुए केंद्र सराकर ने इस वेबसाइट को टाइम समाप्त होने के बाद भी बंद नहीं किया है। पंजीयन का काम अभी भी चल रहा है। ऐसे में राजस्व विभाग, कृषि विभाग सहित अन्य कई विभागों के अधिकारी कर्मचारी किसान पंजीयन का लक्ष्य पूरा करने में जुटे हुए हैं। जानकारी के अनुसार अब तक 1 लाख 1 हजार 524 किसानों का पंजीयन हो चुका है। यह पंजीयन लक्ष्य के अनुपात में 78.78 प्रतिशत है। पंजीयन के मामले में धमतरी जिला प्रदेश में चौथे नम्बर पर है। पहले नम्बर पर रायगढ़, दूसरे नम्बर पर राजनांदगांव, तीसरे नम्बर पर बेमेतरा जिला है।

### किसानों को आसानी से मिलेगी सुविधा

किसान पंजीयन काफी लाभदायक है। यह किसानों की पहचान डिजिटल तरीके से सुनिश्चित करेगी और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में किसानों की मदद करेगी। किसान आईडी में आधार कार्ड, राशन कार्ड या फैमिली आईडी और जमीन से जुड़ी जानकारी इस पंजीयन में रहेगी। यह आधार बेस्ड किसानों की एक यूनिक डिजिटल पहचान है, जो राज्य की जमीन रिकार्ड प्रणाली से जुड़ी हुई है। किसान के जमीन रिकॉर्ड में बदलाव के साथ-साथ आईडी में रिकार्ड अपने आप अपडेट हो जाएगा।

### शीघ्र कराएं पंजीयन

किसान पंजीयन भारत सरकार के डिजिटल कृषि मिशन के तहत किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य किसानों को आसानी से सरकारी योजनाओं का लाभ देना है। इस पंजीयन के बाद किसी योजना के लिए किसान को एक दफ्तर से दूसरे दफ्तर तक चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सारे दस्तावेज इसी पंजीयन से लिया जा सकेगा। कृषि ऋण, उपकरण खरीदी में अनुदान, कृषि सलाह जैसी कई सुविधाएं किसानों को मिलेगी। कृषि उपसंचालक मोनेश साहू ने बताया कि पंजीयन अभी चालू है। किसान शीघ्र ही अपना पंजीयन करवा लें।

### मानस सम्मेलन आज से

**नगरी।** ग्राम उमरगांव में चैत्र नवरात्रि पर मानस सम्मेलन का आयोजन 4, 5, 6 अप्रैल को किया गया है जिसमें 18 ख्यातिप्राप्त मंडली रामकथा का रसपान करायेगी। 6 अप्रैल को श्रीराम जन्म उत्सव मनाया जायेगा।

# रोजाना लाखों लीटर गंदा पानी होता है जमा

**गंदगी, बदबू और कीड़ों के बीच रहने को मजबूर हैं हाऊसिंग बोर्ड हटकेशर कॉलोनीवासी**





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सपनों का घर अब आसान। आवास का अधिकार सबका अधिकार जैसे नारों के साथ कॉलोनी बसाने वाले छग गृह निर्माण मंडल से हटकेशर हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी खासे नाराज हैं। शहर की नामचीन कॉलोनी में एक हटकेशर हाऊसिंग बोर्ड की नींव 3 दशक पहले रखी गई थी। करीब 400 मकानों की कॉलोनी में सैकड़ों लोग रहते हैं। जहां रोज लाखों लीटर निस्तारी पानी कॉलोनी से निकलता है। समस्या यह है कि कॉलोनी में रोजाना निकलने वाले लाखों लीटर पानी की निकासी का कोई साधन नहीं है।

हटकेशर हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी संतोष साहू, मीना देवांगन, किरण, सिद्धि राजपूत, पूर्णिमा देवांगन, उत्तम साहू ने बताया कि कोई भी कालोनी पास होता है तो ड्राइंग में पानी निकासी के लिए ड्रेनेज सिस्टम बनाया जाता है लेकिन हटकेशर हाऊसिंग बोर्ड में पानी निकासी का कोई रास्ता नहीं है। रोजाना लाखों लीटर गंदा पानी हाऊसिंग बोर्ड से लगे खाली प्लाट में डंप होता है। पानी से निकलने वाली बदबू से कॉलोनीवासियों का जीना दूभर हो गया है वहीं सीवरेज के गंदे पानी से मच्छर व्यापक रूप से पनपते हैं। उस पानी का कीड़ा घरों में घुसता है।

उन्होंने बताया कि इस समस्या की शिकायत हाऊसिंग बोर्ड, नगर निगम तथा कलेक्टर से भी की गई है। जांच के लिए अधिकारी पहुंचते हैं और यह कहकर निकल जाते हैं कि यह तो निगम का मामला है।

महापौर रामू रोहरा का कहना है कि ड्रेनेज सिस्टम के लिए 10 करोड़ से अधिक का बजट है। निगम के अधिकतर क्षेत्र में यह समस्या है। इसे दूर किया जाएगा।

### ऐसा उपाय जो असफल साबित हुआ

हाऊसिंग बोर्ड से प्राप्त जानकारी के अनुसार कॉलोनी के गंदे पानी की निकासी के लिए टैंक बनाकर वाटर फिल्टर मशीन लगाई गई है। मोटर से पाइप के माध्यम से पानी फेंकने रत्नाबांधा रोड तक पाइप बिछाई गई है। फिल्टर कर पानी फेंकने का यह तरीका असफल साबित हुआ।

### नाली बनाने के लिए रास्ता नहीं

इंजीनियर सियाराम देवांगन ने बताया कि हाऊसिंग बोर्ड हटकेशर से पानी निकासी के लिए ड्रेनेज सिस्टम की ढाल पीडी नाला की तरफ करनी थी लेकिन ढाल विपरीत होने के कारण आवास की लागत कम करने इसे जमीन की ढाल के हिसाब से बनाया गया। जहां पानी एकत्रित हो रहा है वहां से नाली बनाने का रास्ता तो है लेकिन वह भी प्राइवेट कॉलोनी होने से वहां के लोगों को नाली बनाने पर आपत्ति है।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969


# बोहारभाजी तोड़ते युवक पेड़ से गिरा, मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पेड़ पर चढ़कर बोहारभाजी तोड़ रहा युवक डाली टूटने से नीचे जमीन पर गिरकर घायल हो गया। युवक की अस्पताल में मौत हो गई।

▪ ग्राम सिर्री की घटना

परिजनों के अनुसार कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम सिर्री निवासी किशन साहू पिता श्याम उम्र 40 वर्ष मजदूरी करता था। गुरुवार को किशन साथी मजदूर के साथ पिकअप में गांव में सीमेंट खाली करने गया था। वापस लौटते समय गांव में स्थित बोहार पेड़ के पास पिकअप को रूकवाया। उसके बाद युवक बोहारभाजी तोड़ने पेड़ पर चढ़ गया। भाजी तोड़ते समय पेड़ की डाली टूट जाने से युवक गिरकर घायल हो गया। घटना के बाद युवक उठकर किसी तरह अपने घर चला गया। घर पहुंचने के बाद युवक बेहोश हो गया। उसे उपचार के लिए तत्काल कुरूद अस्पताल लाया गया। रिफर करने पर युवक को संजीवनी 108 के माध्यम से जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां डयूटी डाक्टर ने चेकअप कर युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

# जीजा ने किया साला के गले पर चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बच्चे को पीटने से मना करने पर जीजा ने अपने साला के गले पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया है।



▪ सुभाष नगर की घटना

कन्हैया बघेल पिता सुरेश उम्र 28 वर्ष साल्हेवारपारा निवासी इन दिनों अपने दूसरे घर सुभाष नगर में रहता है। बीते कुछ महीनों से कुरूद निवासी उसका जीजा गोलू सतनामी अपनी पत्नी दुलारी सतनामी व बेटा मनीष सतनामी के साथ धमतरी आकर ससुराल में सुभाष नगर के घर में डेरा जमाया हुआ था। बुधवार की रात्रि कन्हैया घर पहुंचा तो उसका भांजा गेट के पास बैठा हुआ था। उसके पिता गोलू सतनामी नशे की हालत में उससे मारपीट कर रहा था। भांजे को मारता देख कन्हैया ने अपनी जीजा को मारपीट करने से मना किया। इसी बात पर जीजा साला के बीच विवाद हो गया। शराब के नशे में धुत्त गोलू सतनामी चाकू लाकर अपने साला कन्हैया बघेल के गले पर हमलाकर वहां से भाग गया। चाकू के हमले से घायल कन्हैया को उपचार के लिए रात्रि में ही जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल की शिकायत पर कोतवाली थाना में आरोपी गोलू सतनामी के खिलाफ पुलिस ने धारा 109/1 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। घायल का उपचार जिला अस्पताल में जारी है।

### पेड़ से गिरकर कलेक्ट्रेट का प्यून घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आम तोड़ते समय कलेक्ट्रेट का प्यून पेड़ से गिरकर घायल हो गया है। अमित मंडावी पिता निर्भयसिंग उम्र 31 वर्ष ग्राम गोपालपुरी थाना अर्जुनी निवासी कलेक्ट्रेट के राजस्व विभाग में प्यून के पद पर कार्यरत हैं। कलेक्ट्रेट भवन के ट्रेजरी विभाग के पीछे आम का पेड़ है। गुरुवार को युवक आम तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा था। इसी दौरान पेड़ की डाली टूट जाने से युवक नीचे गिर गया। घटना में युवक की कमर में चोट आई है। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है।

# जंगली सुअर के हमले से वृद्ध घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अपने खेत के पास महुआ बीन रहे वृद्ध पर एक जंगली सुअर ने हमलाकर उसे घायल कर दिया है। घायल का जिला अस्तपाल में उपचार जारी है।

▪ सिंगपुर वन परिक्षेत्र की घटना

परिजनों के अनुसार सिंगपुर रेंज के ग्राम अंजोरा निवासी बैसाकूराम नेताम पिता मानसिंग उम्र 70 वर्ष का औवरानाला के आगे खेत है। जंगल से लगे खेत के किनारे महुआ का पेड़ है। गुरुवार की सुबह वृद्ध महुआ बीनने के लिए अपने खेत के पास गया था। पेड़ के नीचे फैले महुआ फूल को बीन रहा था। इसी दौरान झुरमुट से अचानक जंगली सुअर निकलकर आया और महुआ बीनने में व्यस्त वृद्ध पर हमला कर दिया। वृद्ध के चिल्लाने पर जंगली सुअर जंगल की तरफ भाग गया। जंगली सुअर ने वृद्ध के पेट में हमला किया है। घटना के बाद घायल वृद्ध अपने खेत से पैदल चलकर किसी तरह औवरानाला तक पहुंचकर गिर गया। इसी दौरान वहां से बाइक से गुजर रहे गांव के जितेंद्र की नजर वृद्ध पर पड़ी। युवक ने वृद्ध को अपनी बाइक से उसके घर तक पहुंचाया। उसके पोते लक्ष्मण नेताम व अन्य परिजन घायल को सिंगपुर अस्पताल ले गए। रिफर करने पर संजीवनी 108 की मदद से घायल को जिला अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल वृद्ध को वार्ड में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। घटना की सूचना पर महिला वनरक्षक एमएस दुग्गा जिला अस्पताल पहुंची और घायल के परिजनों को एक हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की। बताया कि प्रकरण में मुआवजा के लिए आगे की कार्रवाई की जाएगी।




# कील की शैया में नीमपत्ती बिछाकर लेटा भक्त, सीने में ज्योति प्रज्ज्वलित की

- 9 दिनों तक 4 चम्मच दूबी रस का सेवन करेगा माता का भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

नवरात्रि पर माता के भक्त विभिन्न तरीके से माता के प्रति अपनी श्रद्धा एवं आस्था प्रकट करते हैं। माता की भक्ति करने का एक विचलित करने वाला उदाहरण ग्राम सिर्री में देखा गया।

सिर्री के टिकरापारा निवासी अमरीकानंद के पुत्र 31 वर्षीय चंदन सुपलभगत ने अपने सीने में अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की है। 30 मार्च को चैत्र नवरात्रि के शुभारंभ दिवस से किले के बने शैया पर माता की चुनरी एवं नीम की पत्तियां बिछाकर लेटा हुआ है। साथ ही सीने में अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की है। उन्होंने बताया कि वह पूरे 9 दिनों तक बिना उठे इसी अवस्था में ही



रहेंगे और माता की भक्ति करेंगे। इस स्थान से वह उठेंगे भी नहीं। आहार के रूप में सुबह-शाम 4 चम्मच दुर्वा घास के रस का ही सेवन कर रहे हैं। विदित हो कि इस भक्त ने क्वांर नवरात्रि 2024 में भी 9 दिनों तक इसी तरह एक ही शैया पर बिना उठे माता की भक्ति की थी।

उन्होंने कहा कि साल 2005 में नवरात्रि के 9 दिनों तक मौन धारण किया था। 2007 में उन्होंने सिरकट्टी आश्रम के भुनेश्वरी शरण दास महाराज कुटेलाधाम पांडुक से दीक्षा ली। साल 2009 में नवरात्रि पर पूरे 9 दिन निर्जला एवं बिना कोई आहार ग्रहण किए व्रत रखा है। सपने में माता के दर्शन होने के बाद ज्योत जंवारा ही आते रहता था। माता ने सपने में आकर उनको क्वांर नवरात्रि में सीने में अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित करने की बात कही। लेकिन भक्त ने चैत्र नवरात्रि में भी फिर माता के प्रति अपनी भक्ति प्रकट करते हुए माता शीतला के नाम का आह्वान कर अपने घर में ही सीने पर कपड़ा रखकर ज्योति प्रज्ज्वलित की है।

उनका सहयोग करने के साथ ही माता की सेवा में करण कुमार ध्रुव, छन्नू ढीमर, जितेंद्र कंडरा, सागर यादव, सागर ध्रुव, नंदकुमार पटेल, जनक राम धुरी जुटे हुए हैं।

### जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के प्रसव में होगी आसानी

# मगरलोड सीएचसी में भी मिलेगी सिजेरियन प्रसव की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मगरलोड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जल्द ही जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को ऑपरेशन कर सुरक्षित प्रसव की सुविधा मिलने लगेगी। इसके लिए जरूरी तैयारियों और डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने जिले के सीएमएचओ डॉ.यू.एल.कौशिक ने स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने जिले के दूरस्थ मगरलोड सीएचसी में इस सुविधा के लिए अपने भ्रमण के दौरान सख्त निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देश पर अमल करते हुए सीएमएचओ, एनीस्थिशिया विशेषज्ञ डॉ.टीआर ध्रुव और गायकोनॉलॉजिस्ट डॉ. महेश शर्मा के साथ टीम ने ऑपरेशन थियेटर से लेकर अस्पताल में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का परीक्षण किया। इस दौरान सीएमएचओ ने निर्देशित किया कि शासन की मंशा अनुसार सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर उच्च जोखिम

**कलेक्टर के निर्देश पर सीएमएचओ ने किया निरीक्षण**



वाली गर्भवती महिलाओं के लिए सिजेरियन प्रसव की सुविधा उपलब्ध कराई जानी है, ताकि उन्हें निजी अस्पतालों में बड़े खर्चे करके अपना प्रसव न कराना पड़े। डॉ.कौशिक ने इसके लिए सभी डॉक्टरों और मेडिकल टीम के कर्मचारियों को तैयार रहने को कहा। सीएमएचओ ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सभी जरूरी सेवाएं उपलब्धता अनुसार निःशुल्क दी जाती हैं। धमतरी जिले में पिछले वित्तीय वर्ष में प्रसव के दौरान केवल 13 महिलाओं की मृत्यु हुई है। स्वास्थ्य केन्द्रों में उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की खून जांच, यूरीन और शुगर जांच आदि समय-समय पर करके उनकी सूची प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में रखी जाती है। डॉ. कौशिक ने बताया कि ऐसी महिलाओं के निर्धारित प्रसव तिथि पर स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यकता अनुसार विशेषज्ञों की उपस्थिति में सिजेरियन प्रसव कराया जाता है। सीएमएचओ ने यह भी बताया कि हाईरिस्क एएनसी महिलाओं को आवश्यकता अनुसार आयरन फोलिक एसिड, आयरन सुक्रोज से उपचार कर खून की कमी को दूर किया जाता है। गर्भवती महिलाओं के लिए समय-समय पर एम्बुलेंस सर्विस की सुविधा, एएनसी की चार जांच, प्रसव से छह महीने पहले मेडिकल लैब जांच और बच्चे के जन्म के एक साल तक देखरेख की जानकारी दी जाती है।

## गौतम ऋषि आश्रम मांदागिर में 9 ज्योत प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

मुख्यालय से करीबन 35 किमी दूर गौतम ऋषि आश्रम मांदागिर में चैत्र नवरात्रि पर 9 ज्योत प्रज्वलित की गई है। पंचम दिवस विशेष पंचमी श्रृंगार व पूजा अर्चना की गई। पुजारी एवं समिति के सदस्यों ने जनकल्याण की कामना की। मौके पर साधु समिति मादांगिरी (बारहपाली) के अध्यक्ष गणेशराम मांडवी, उपाध्यक्ष डोमार सिंह मरकाम, सचिव पुरूषोत्तम पद्माकर, कोषाध्यक्ष जागेश्वर मरकाम, सहसचिव गैंदलाल नेताम, सेवक संजय भंडारी, पुजारी भारतलाल मरकाम आदि उपस्थित थे।





**खबर संक्षेप**

### तरसींवा में श्रीराम जानकी की प्राण-प्रतिष्ठा 6 को

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम तरसींवा के बाजार चौक में भगवान श्रीराम सीता दरबार का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न होने जा रहा है। यज्ञाचार्य पंडित ओंकार प्रसाद पाठक होंगे। प्रथम दिवस 4 अप्रैल को श्री गणेश पूजन, कलश स्थापना एवं शोभायात्रा निकलेगी। 5 अप्रैल को वैदिक पूजा, अग्नि स्थापन, अन्ना अधिवास, जल अधिवास एवं रात्रि में भजन संध्या, हसदा का सत्संग होगा। 6 अप्रैल रविवार को श्रीराम भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा, पूजा हवन महाआरती होगी। रात्रि में भूमिका महिला मानस मंडली गुढ़ियारी का जगराता होगा। कार्यक्रम की तैयारी में ग्राम विकास समिति, शीतला माता मंदिर समिति, श्री मानस आयोजन समिति शिव धाम जुटी है। यह जानकारी राजू चंद्राकर पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत धमतरी ने दी है।

### शिक्षक को टक्कर मार एक्टिवा सवार फरार राहगीरों ने पहुंचाया अस्पताल

**कांकेर।** शहर के मेन रोड थाना के पास पैदल चल रहें युवक को एक्टिवा वाहन सवार चालक ने पीछे से टक्कर मार दिया, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल ने जब एक्टिवा वाहन के चालक को अस्पताल तक ले जाने की बात कही, तो वह बहाना बनाते हुए वहां से फरार हो गया। मौजूद राहगीरो ने घायल को अस्पताल तक पहुंचा। दुर्घटना की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया। थाना में शिकायत करने पहुंचे धमतरी जिला के अर्जुनी थानांतर्गत ग्राम लोहरसी निवासी 32 वर्षीय प्रदीप कुमार गंजीर पिता अरूण कुमार गंजीर ने पुलिस को बताया कि कृषि महाविद्यालय सिंगारभाट में अतिथि शिक्षक के पद पर कार्यरत हूं और 31 मार्च को अपने विभागीय कार्य से पुराना बस स्टैण्ड कांकेर आया था। कुछ काम से मेन रोड से एक दुकान से सामान लेने पैदल जा रहा था कि दोपहर करीबन साढ़े तीन बजे थाना के पास पीछे से आ रही अज्ञात सफेद रंग का एक्टिवा वाहन के चालक ने वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मुझे पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरुष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
धमतर रोड, अंबेडकर चौक, मानस हेली नीझल के सामने, अन्नामंती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

## सिर्री के कंकालीन मंदिर में जले आस्था के ज्योत



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम सिर्री के कंकालीन माता के मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर ज्योत जवांरा बोया गया है। मंदिर में 75 मनोकामना ज्योति जलाई गई है। पंचमी तिथि पर माता का विशेष श्रृंगार किया गया। शाम 7 बजे पूजन कर महाआरती की गई। भक्तों को प्रसादी का वितरण भी किया गया। मंदिर में तोमन बैगा माता की सेवा में जुटे हुए हैं। पंचमी पर माता का दर्शन करने भक्तों की भीड़ रही।

## बेलौदी स्कूल के पूर्व छात्र का थल सेना में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बेलौदी में कक्षा 12वीं सत्र 2023-24 में उत्तीर्ण युवराज साहू पिता भुवनेश्वर साहू ग्राम बेलौदी ब्लॉक मगरलोड का अग्निवीर के तहत थल सेना में चयन हुआ है। युवराज ने बताया कि देश सेवा में जाने के लिए कड़ी मेहनत की। प्रतिदिन सुबह 4 बजे उठना और 200, 400, 800 मीटर दौड़ लगाते थे। ऊंची कूद, लम्बी कूद का अभ्यास करता था। उन्होंने आगे बताया कि सच्ची लगन, मेहनत से कोई भी कार्य असम्भव नहीं है।

उनकी सफलता पर हायर बेलौदी स्कूल के प्राचार्य अशोक



कुमार पटेल, तिलक राम साहू, शीतराम ध्रुव, संतोष कुमार साहू, जितेन्द्र कुमार, नारायण प्रसाद साहू, अशोक कुमार कश्यप, पेमेश्वरी कंवर, आर्मी ट्रेनर पीतांबर, नांदेश्वर कश्यप रिटायर्ड आर्मी, पुरुषोत्तम साहू, देवेंद्र साहू, धर्मेंद्र साहू ने हर्ष जताया है।

## मां बम्लेश्वरी के दरबार में 28 ज्योति प्रज्ज्वलित



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

ग्राम मड़ेली के बम्लेश्वरी मंदिर में 28 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित हो रही है। एक ज्योति घी से प्रज्ज्वलित हो रही है। बम्लेश्वरी माता मंदिर में लोग अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए दीप जलाते हैं। माता के दरबार में जस सेवा, भजन का आयोजन हो रहा है। माता की सेवा में सरपंच पति लक्ष्मीनारायण साहू, बैगा निरंजन निषाद, नारायण शर्मा, झब्बू साहू, डेमन साहू, पूनमचंद साहू, यामन साहू, पूरन साहू, जीवन साहू, शत्रुघ्न साहू, परमानंद, परदेसी साहू जुटे हैं।

## अस्पताल आने वाले मरीज एवं उनके परिजनों से सौहार्द्रपूर्ण व्यवहार करें

- नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति ने किया अस्पताल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख जैन ने गत दिनोंसामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भखारा अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। अध्यक्ष ने सबसे पहले चिकित्सकों एवं कर्मियों की उपस्थिति का जायजा लिया। टाइम टेबल की स्थिति जानी। इसके साथ-साथ उन्होंने भर्ती मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने साफ-सफाई, दवा सप्लाई, स्टोरेज का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल आने वाले मरीज एवं उनके परिजनों से सौहार्द्रपूर्ण व्यवहार करें। उन्होंने



भर्ती मरीजों को भी प्रावधान के अनुरूप सभी सुविधा उपलब्ध करवाने को कहा। अस्पताल की साफ सफाई, ब्लीचिंग का छिड़काव नियमित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सरकार द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाओं से मरीजों को लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। इंजेक्शन रूम का उपयोग करने कहा। चिकित्सकों की फेकल्टी विषय का बोर्ड लगाने कहा। डॉक्टर ने उन्हें अस्पताल की पूरी जानकारी दी।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पार्षदगण छबि निर्मलकर, हितेंद्र साहू, भूपेश्वरी चंदेल, चक्र सुदर्शन चंदेल, डॉ. गौरव बंगानी, आरएमए नीतू बिरहा, नेत्र सहायक चितेश साहू, लैब सहायक दिवेश दादर, डेंटल नितेश इक्का, सौरभ वर्मा, स्टाफ नर्स ममता साहू, सरिता साहू उपस्थित थे।

## चिंवरी के शीतला मंदिर में जल रहे आस्था के ज्योत



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम चिंवरी के शीतला मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर ज्योत जवांरा प्रज्वलित किया गया है। पंचमी तिथि में शीतला मंदिर में भक्तों ने अपनी मनोकामना लेकर माता की पूजा -अर्चना की। मंदिर में माता की सेवा में पंडा अरुण तारक, खेलन साहू जुटे हुए हैं। यहां 27 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई है। पंचमी पर शीतला समिति द्वारा माता दुर्गा की झांकी कार्यक्रम रखा गया था।

## आवास मित्रों को नहीं मिली प्रोत्साहन राशि



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ब्लाक के आवास मित्रों को आवास निर्माण की प्रोत्साहन राशि नहीं मिली है। इस संबंध में जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा और उपाध्यक्ष हृदय साहू को ज्ञापन सौंपा। भूपेंद्र कुमार, शत्रुघन सिंह, रोहित सिन्हा, कल्याण, लखन लाल, खिलेश साहू, सोहन, सुंदर, सुलेश्वर कुमार, योगेश्वरी, सोनम, प्रियंजली, रूक्मणि, पुष्पा ने बताया कि उनकी भर्ती 23 अगस्त 2024 में हुई है। चयनित आवास मित्रों द्वारा अपने-अपने कलस्टर में कार्य किया जा रहा है। पांच माह बीत जाने के बाद भी आवास की वर्तमान लेवल की प्रोत्साहन राशि प्राप्त नहीं हुई है। इससे उन्हें आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### आरोप : प्रशासनिक कार्यक्रम में प्रोटोकॉल का नहीं हुआ पालन

# डस्टबिन वितरण कार्यक्रम की कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

नगर पंचायत कुरूद द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर के विभिन्न वार्डों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में डस्टबिन वितरण का प्रशासनिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिस पर कांग्रेस पार्षदों द्वारा आपत्ति दर्ज कराते हुए कार्यक्रम का भाजपाईकरण तथा चुने गए जनप्रतिनिधियों की अनदेखी कर उनके अधिकारों का हनन कर अपमानित करने का आरोप लगाया है।

कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर नेता प्रतिपक्ष डुमेश साहू, उपाध्यक्ष



देवव्रत साहू, पार्षदगण मनीष साहू, उत्तम साहू, अर्जुन ध्रुव, पूर्व पार्षद राघवेंद्र सोनी, चुम्मन दीवान एवं जनपद सदस्य लीली श्रीवास ने बताया कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी कुरूद द्वारा 2 अप्रैल को स्वच्छ भारत मिशन के तहत डस्टबिन वितरण कार्यक्रम का डिजिटल आमंत्रण कार्ड प्रकाशित कर कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर पंचायत कार्यालय से जारी पत्र में मुख्य नगर पालिका अधिकारी के हस्ताक्षर के बिना सिर्फ मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर के नाम का उल्लेख कर नगर उपाध्यक्ष देवव्रत साहू की अनदेखी की गई। साथ ही जिन पार्षदों की पार्षद निधि से डस्टबिन क्रय किया गया है उनकी सहमति और जानकारी के बिना इस कार्यक्रम में जिस डस्टबिन का विभिन्न वार्डों तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में वितरण किया गया, वह सत्र 2024- 25 के पार्षदों की निधि से क्रय किया गया है, जिस पर उन पार्षदों से इस कार्यक्रम हेतु रायशुमारी नहीं ली गई। इससे पार्षदों ने अपने अधिकारों का हनन होना बताया।

उन्होंने वार्ड क्रमांक 15 में 25 लाख रुपये की लागत से बनकर तैयार हमर क्लिनिक का जनता को किसी तरह से लाभ नहीं मिलने की शिकायत भी कलेक्टर से की है।

न्यायालय- तहसीलदार भखारा
जिला धमतरी छ.ग.
**उदघोषणा**
क्रमांक / 275 / तह./2025
रा.प्र.क्र.202503132300017/अ-6 वर्ष 2024-25
ग्राम-कुम्हारी, तहसील भखारा
भखारा, दिनांक 01/04/2025

आवेदक परमानंद पिता बलराम जाति सतनामी निवासी ग्राम कुम्हारी पटवारी हल्का नं. 04 तहसील भखारा जिला धमतरी द्वारा भू-राजस्व सहिता की धारा 109,110 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम कुम्हारी स्थित भूमि खसरा नं 33 रकबा 0.02 हे भूमि स्वामी बिहारी लाल पिता फेरहाराम जाति सतनामी के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी बिहारी लाल ढीढी द्वारा अपने दिनांक 14/6/2021 को आवेदक क्रेता परमानंद पिता बलराम जाति सतनामी निवासी कुम्हारी के पक्ष में उप पंजीयक कुरूद के समक्ष पंजीकृत बैनामा निष्पादित किया है। वर्तमान में भूमि स्वामी विक्रेता बिहारी लाल ढीढी की मृत्यु होगी चुकी है। आवेदक क्रेता द्वारा पंजीकृत बैनामा का आज दिनांक तक प्रमाणीकरण नही कराया है। जिससे राजस्व अभिलेख में आज भी वाद भूमि विक्रेता का नाम दर्ज चले आ रहा है। आवेदक पंजीकृत बैनामा के आधार पर ग्राम कुम्हारी स्थित भूमि खसरा नं. 33 रकबा 0.02 हे. का प्रमाणीकरण किये जाने आवेदन पत्र मय बैनामा की प्रति पेश किया है।

अतः एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि विक्रेता भूमि स्वामी बिहारी लाल ढीढी पिता फेरहाराम ढीढ़ी की मृत्यु होने पर उसके विधिक वारिसानों में सुनील कुमार वगैरह पिता बिहारी लाल को आवश्यक पक्षकार बनाया गया है। उक्त वाद भूमि के हितबद्ध पक्षकार को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 15/04/2025 तक स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय तहसीलदार भखारा में उपस्थित हो कर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

मुहर
तहसीलदार
भखारा

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)
**फार्म अ**
**सार्वजनिक सूचना**
(नियम-6 देखिये)

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि **आवेदक पूरन लाल आ. श्री उत्तम कुमार, जाति तेली, आयु 27 वर्ष, निवासी ग्राम तर्रागोंदी, पो. सिलौटी, थाना व तह. भखारा, जिला धमतरी (छ.ग.) एवं आवेदिका राधिका आ. श्री धनीराम, जाति- तेली, आयु 27 वर्ष निवासी ग्राम अर्जुनी, पो. गोरकापार, थाना व तह. गुण्डरदेही, जिला- बालोद (छ.ग.)** द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक **28.04.2025** के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक **02.04.2025** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।
**अगामी तिथि- 28.04.2025**

मुहर
अपर कलेक्टर एवं
विशेष विवाह अधिकारी
जिला बालोद (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### मद्दी को पद मिलने से समर्थकों ने खुशियां मनाई

**जगदलपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीनिवास राव मद्दी को छत्तीसगढ़ राज्य वित्त आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वे पूर्व में छत्तीसगढ़ वन विकास निगम के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। इस नियुक्ति से उनके समर्थकों और बस्तर क्षेत्र में खुशी है। मद्दी के अनुभव से इस क्षेत्र में सार्थक योगदान की उम्मीद की जा रही है।

### जस गीत स्पर्धा आज

**जगदलपुर।** जस गीत प्रतियोगिता का आयोजन पतंजलि योग समिति व सर्व हिंदू समाज के तत्वावधान में 4 अप्रैल को दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में संध्या 7 बजे किया जा रहा। प्रतियोगिता में अधिकतम 10 प्रतिभागियों को 10 मिनट दिये जाएंगे। अंक गीत लय ताल भेषभूषा,प्रस्तुति पर दिये जाएंगे। प्रतियोगिता निःशुल्क है, प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार के साथ समस्त प्रतिभागियों को प्रशस्तिपत्र से सम्मानित किया जावेगा।

### उपमंडियों में पहुंची 52 हजार क्विंटल इमली

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के साप्ताहिक बाजार के उपमंडी में एक माह में लगभग 52 हजार क्विंटल इमली की आवक पहुंची, जिसकी दर 3200-11000 रूपए क्विंटल बताई जा रही है। इसमें से व्यापारियों ने आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र एवं उत्तरप्रदेश में सबसे ज्यादा इमली भेजा है। वहीं दूसरी ओर जगदलपुर मंडी एशिया की सबसे बड़ी इमली मंडी का दर्जा है, पर कृषि मंडी परिसर में इमली आवक नगण्य है। व्यापारी उपमंडी में खरीदकर कृषि मंडी परिसर के गोदाम तक ला रहे हैं। मंडी के सचिव केएल मंडावी ने व्यापारियों को कहा कि मंडी में उपज की आवक लाएं, जिससे मंडी की आय बढ़ सके।

### राम नवमी पर नगर में निकलेगी भव्य-दिव्य शोभायात्रा

**जगदलपुर।** रामनवमी पर्व को भव्यता से मनाने के लिए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल और हिन्दू संगठन ने तैयारियां शुरू कर दी है। विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पूरे शहर को भगवा रंग से पाट दिया है। शहर के हर चौक चौराहों में राम लला की मूर्ति की स्थापना भी कर दी गई है। शहर को विशेष लाइटिंग से सुंदर व आकर्षक सजाया गया हैं। साथ ही इस बार महाराष्ट्र की शिव गर्जना की टीम को भी आमंत्रित किया गया है, जो शोभायात्रा में आकर्षक का केंद्र रहेगा। इस टीम में 65 लोग शामिल रहेंगे, जो ढोल नगाड़ो से शिव ताण्डव और राम धुन को बजायेंगे। विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष शंकर गुप्ता, प्रदेश पदाधिकारी रवि ब्रम्हचारी, योगेंद्र कौशिक,अमन शर्मा,संजय रेड्डी ने बताया कि राम कथा अनुसार बस्तर में भगवान राम से काफी जुड़ा हुआ है और बस्तर के ग्रामीणों की आस्था भी भगवान राम के साथ है। इस महा रैली में हिंदू आदिवासी धर्मांतरण को पीछे छोड़ भगवान राम की भक्ति में लीन होकर जय श्री राम का नारा लगाएगा। साथ ही कहा कि बस्तर के भोलेभाले आदिवासियों को बरगलाकर उनका धर्म परिवर्तन करने वाले अब पीछे हो रहे हैं। यही कारण है कि अब बस्तर की धरती में जन्मा हर आदिवासी माँ दंतेश्वरी की आराधना कर जय श्री राम की भक्ती में रामनवमी में डूब जाएगा।

## मां काली, दुर्गा और चंडी देवी के दर्शन के लिए दीगर प्रदेश से भी आते हैं श्रद्धालु

# काली गुफा में जगमगा रहे 9 मनोकामना ज्योत






**नगरी।** जिले की जीवन रेखा कही जाने वाली महानदी छग और उड़ीसा राज्य के किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। कई गांव और शहर के लोगों की प्यास बुझाकर उन्हें जीवन प्रदान करती है। इस नदी की उत्पत्ति धमतरी जिले के सिहावा स्थित महेंद्रगिरी पर्वत को माना जाता है। यह सप्तऋषियों में से एक ऋषि श्रृंगी का तपोस्थल है, साथ ही इस पर्वत को भगवान परशुराम की तपोस्थली भी माना जाता है। इस पर्वत के निचले हिस्से में एक अनोखी गुफा है जिसे काली गुफा कहा जाता है। यह गुफा रहस्यों से भरी हुई है। इस गुफा के अंदर अंधेरे स्थान पर माता काली, माता दुर्गा और माता चंडी देवी विराजमान हैं, जहां चैत्र एवं क्वांर नवरात्र पर श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना दीप प्रज्ज्वलित किए जाते हैं।

### गुफा में है मां काली के पदचिन्ह

काली गुफा के पुजारी ने बताया कि रामायण काल में जब अहिरावण का वध करने के लिए माता सीता ने माता काली का विकराल रूप लिया था तब इसी स्थान पर आकर वह शांत हुई थी और जिस जगह पर उनके चरण पड़े उस जगह पर आज भी मां काली का पदचिन्ह है जो गुफा के अंदर कोने पर है।

### मनोकामना ज्योति कलश होते हैं प्रज्ज्वलित

इस गुफा में मातारानी का दर्शन करने जो भी श्रद्धालु आते हैं उनकी मनोकामना पूर्ण होती है। श्रद्धालु क्वांर और चैत्र नवरात्रि पर मनोकामना ज्योति जलाते हैं। इस चैत्र नवरात्रि पर कुल 9 मनोकामना ज्योति जलाई गई है। यहां सिहावा अंचल के साथ गरियाबंद, कांकेर, बस्तर और उड़ीसा क्षेत्र के भी श्रद्धालु दीप जलाते हैं।

### धार्मिक आस्था के साथ रोमांच भरा सफर

हमारे संवाददाता ने जब इस गुफा में प्रवेश किया तो वहां कुछ श्रद्धालु दर्शन कर वापस लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि यह रास्ता बड़े बड़े पत्थरों और चट्टानों से लदा पड़ा है। सावधानी बहुत जरूरी है। बताया जाता है कि इस रास्ते से ही तेंदुआ, भालू, लकड़बग्घा पहाड़ी से नीचे उतरकर नीचे स्थित तालाब में पानी पीने आते हैं। पुजारी ने बताया कि इस गुफा में आज तक किसी जंगली जानवर ने मानव पर हमला नहीं किया है।

### गुफा के ऊपर है मधुमक्खियों के कई छत्ते

गुफा के ऊपरी हिस्से पर मधुमक्खियां मंडराती रहती हैं। इन मधुमक्खियों के बारे में पुजारी ने बताया कि यह इसी जगह पर रहती हैं। आसपास खाली जगह होने के कारण नवरात्रि में नवकन्या पूजन इसी स्थान पर किया जाता है। इन मधुमक्खियों ने आज तक किसी भी व्यक्ति पर हमला नहीं किया है। यह सब माता की कृपा के कारण ही संभव है।

## न्यायालयीन आदेश की अवमानना

# डूब प्रभावित करेंगे मुख्यमंत्री निवास का घेराव

- गंगरेल बांध प्रभावित जनकल्याण समिति का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन 7 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

न्यायालयीन आदेश की अवमानना को लेकर गंगरेल बांध प्रभावित जनकल्याण समिति मुख्यमंत्री निवास का घेराव कर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेगी। गुरुवार को समिति ने कलेक्टर रायपुर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि चार साल पहले गंगरेल बांध डूब प्रभावितों के संबंध में एकसाथ सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय बिलासपुर ने 16 दिसंबर 2020 को आदेश पारित किया है कि तीन माह के अंदर सक्षम अधिकारी जांच प्रारंभ कर पात्र प्रभावितों को भूमि आबंटित करें। चार साल व्यतीत हो जाने के बाद भी न्यायालयीन आदेश के परिपालन में जांच कार्रवाई प्रारंभ न कर प्रभावितों को कोई राहत प्रदान नहीं की गई है। गया। यह न्यायालीन आदेश की अवमानना है। डूब प्रभावित निम्न गरीब वर्ग से आते हैं। संबंधित विभाग तथा शासन प्रशासन को बार बार आवेदन कर उचित न्याय देने की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन न्याय संगत कार्रवाई नहीं की गई जिसके कारण उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। गंगरेल बांध डूब प्रभावित जनकल्याण समिति के कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर मरकाम ने समिति के लेटरपेड में ज्ञापन जारी कर कहा है कि उच्च न्यायालय के आदेशानुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जांच पूरी कर उचित मुआवजा या न्याय संगत भूमि आवंटित नहीं की जाती है तो 7 अप्रैल को मुख्यमंत्री निवास का घेराव तथा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे। इसकी संपूर्ण जवाबदारी जिला प्रशासन की होगी।

## नवरात्रि की पंचमी पर हुआ जस सेवा गीत



**अंवरी।** चैत्र नवरात्रि की पंचमी पर ग्राम बगौद के मारादेव परिसर में जय मां चंडी सेवा समिति की प्रस्तुति हुई। मौके पर मुख्य रूप से बिसहन राम साहू, कंवलसिंह पटेल, बिसौहा राम पटेल, जवाहरलाल पटेल, चमन लाल साहू, संतोष कुमार, हुबलाल साहू, बुधराम साहू, तेजराम साहू, कंगला राम पटेल, कांशीराम पाल, मनोज पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## शीतला मंदिर में 37 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित



**मगरलोड।** ग्राम राजपुर के शीतला मंदिर प्रांगण में चैत्र नवरात्रि पर श्रद्धालुओं द्वारा 37 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है। माता के दरबार में भक्त सुबह शाम दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

## गर्मी में जल आपूर्ति के लिए नगर पंचायत तैयार

- वंदेमातरम परिवार ने पानी टैंकर सौंप सहयोग का हाथ बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

गर्मी में कुरुद नगरवासियों की पानी की जरूरत को पूरा करने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर ने मोर्चा सम्भाल लिया है। नल-जल से निर्बाध पानी आपूर्ति के साथ ही इन्हें अब वंदेमातरम परिवार ने दो पानी टैंकर सौंप कर सहयोग के लिए हाथ आगे बढ़ाया है।

गुरुवार को वंदेमातरम परिवार प्रमुख भानु चंद्राकर ने नगरवासियों को किसी भी प्रकार से पेयजल के लिए परेशानी न हो इसके लिए अपनी संस्था से 2 नग पानी टंकी नगर पंचायत कुरुद को सौंपी है। अध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर ने स्वागत करते हुए इसे पुण्य कार्य बताया। इस अवसर पर पार्षदगण सितेश सिन्हा, मिथिलेश बैस, महेंद्र गायकवाड़, राजकुमारी ध्रुव, नपं. के कर्मचारी नवीन चंद्राकर के अलावा नगरवासी प्रभात बैस, कमल शर्मा, पिंटू चंद्राकर, भूपेंद्र चंद्राकर, खीलु देवांगन उपस्थित थे।



### कुरुदवासियों को 24 घण्टे होगी पेयजल आपूर्ति

अध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर ने बताया कि गर्मी के दौरान पानी की मांग को पूरा करने के लिए नगर पंचायत ने पूरी तैयार कर ली है। उन्होंने बताया कि नगर के 15 वार्डों में मोहल्लेवासियों को पानी की आपूर्ति के लिए नगर पंचायत के पास जल आवर्धन योजना के तहत मेघा एनीकट से फिल्टर प्लांट है। इसके साथ ही 30 भूमिगत जल स्रोत से निर्बाध रूप से जल आपूर्ति हो रही है। बावजूद गर्मी के दिनों में भूमिगत जल स्तर गिरने के मद्देनजर सभी वार्डों में अतिरिक्त पेयजल की मांग की पूर्ति के लिए उनके पास 5 बड़े पानी टैंकर एवं 10 नग छोटे पानी टैंकर हैं। इसके अतिरिक्त नगर वंदेमातरम परिवार द्वारा 2 नग पानी टैंकर का सहयोग दिया है जो प्रशंसनीय है। इस तरह अब हमारे पास 7 बड़े पानी टैंकर है। इनसे सुबह-शाम पानी की आपूर्ति की जा रही है। कुरुदवासियों को 24 घंटे पानी उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश एवं विधायक अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन अमृत मिशन 2.0 योजना अंतर्गत भी कार्य किया जा रहा है।

## मुख्य मार्ग से शराब दुकान हटाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

मुख्य मार्ग से शराब दुकान हटाने की मांग को लेकर भगवती मानव कल्याण संगठन ब्लॉक शाखा मगरलोड के पदाधिकारियों, सदस्यों ने कलेक्टर, एसडीएम, थाना प्रभारी, तहसीलदार, सीएमओ को ज्ञापन सौंपा है। संगठन के कार्यकर्ताओं ने बताया कि ब्लॉक मुख्यालय के प्रवेश द्वार पर सड़क किनारे देसी विदेशी शराब दुकान के संचालन से प्रतिदिन भीड़ रहती है जिससे राहगीर, स्कूली छात्र-छात्राओं के अलावा महिलाओं को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। दर्जनों शिकायत के बाद भी शराब दुकान को अन्यत्र स्थल पर स्थानांतरित नहीं किया जा रहा है। आगे बताया कि संगठन के संस्थापक एवं संचालक योगीराज शक्ति पुत्र महाराज के निर्देशन में पूरे भारत वर्ष सहित विदेशों में भी अखंड दुर्गा चालीसा के माध्यम से लोगों को नशा मुक्ति , मांसाहार मुक्त कर चरित्रवान बनकर जीवन जीने का संदेश दे रहे हैं। वर्तमान में अवैध गांजा, शराब, गुटखा, तंबाकू, सिगरेट की बिक्री एवं सेवन से स्कूली बच्चों पर गलत प्रभाव पड़ रहा है जिसके कारण चोरी, लूटपाट, हत्या, बलात्कार जैसी घटनाएं हो रही हैं। जनहित में ब्लॉक मुख्यालय के मुख्य मार्ग से शराब दुकान को अन्य स्थल पर स्थानांतरित करने की मांग की है।

## सर्व सेन समाज जिला धमतरी की कार्यकारिणी घोषित

- प्रांताध्यक्ष एवं सचिव ने पदाधिकारियों को निर्वाचन प्रमाण-पत्र सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



सर्व सेन समाज के जिलाध्यक्ष धनसिंह सेन ने अपनी जिलास्तरीय कार्यकारिणी की घोषणा की। 1 अप्रैल को चंदापारी सेन भवन आमातालाब रोड रामनगर में बैठक हुई। अतिथि छत्तीसगढ़ प्रांत नाई सेन समाज के प्रांताध्यक्ष पुनीत राम सेन, सचिव भुवनलाल कौशिक थे। अतिथियों ने जिलाध्यक्ष धनसिंह सेन, उपाध्यक्ष लालाराम भारद्वाज, सचिव भगवानी राम शांडिल्य एवं कोषाध्यक्ष रविकुमार कौशल को निर्वाचन प्रमाण पत्र दिया। प्रदेश सचिव ने पद, गोपनीयता एवं कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई। मौके पर प्रांताध्यक्ष पुनितराम सेन ने कहा कि समाज द्वारा दी गई जिम्मेदारी को ईमानदारी से निर्वहन कर समाज की सेवा करें। इस बार राजनीतिक पार्टियों ने समाज के लोगों को महत्व दिया। कई लोग जनप्रतिनिधि चुनकर आए हैं। इसकी निरन्तरता बनाए रखें। भुवनलाल कौशिक ने कहा कि धमतरी जिलाध्यक्ष की सक्रियता से इस जिले ने प्रांत में अपनी अलग पहचान बनाई है। यहां से कई लोग प्रांत में प्रतिनिधि नियुक्त हुए हैं। निर्वाचित जिला पदाधिकारी ईमानदारी के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। रायपुर सम्भाग अध्यक्ष खिलावन श्रीवास, प्रांत सेलून संघ उपाध्यक्ष कमलनारायण शांडिल्य ने भी समाज को आगे बढ़ाने बेहतर कार्य करने की अपेक्षा जताई। जिलाध्यक्ष धनसिंह सेन ने कहा कि उनकी जिम्मेदारी पहले से और ज्यादा बढ़ गई है। उनकी कोशिश होगी कि समाज के लोग विकास की दिशा में अग्रसर हो। कार्यक्रम का संचालन सेलून संघ के संरक्षक मोहित सेन व आभार प्रदर्शन दौलतराम सेन ने किया। सचेतक रामकुमार कौशल, संरक्षक खिलावन श्रीवास, मोहित सेन, सहसचिव रामगोपाल सेन, प्रवक्ता खेमलाल कौशिक, देवेंद्र सेन, संगठन मंत्री कमलनारायण शांडिल्य, रामकुमार सेन, प्रचार सचिव ईश्वर सेन, मीडिया प्रभारी गोविंदा सेन, सोशल मीडिया प्रभारी रूपेंद्र भारद्वाज, टिकेंद्र सेन, सलाहकार मण्डल में दौलतराम सेन, चन्द्रहास सेन, मोहन सेन, लोमश सेन, खिलेश सेन, बनवालीराम सेन, भूखन सेन शामिल हैं। कार्यकारिणी सदस्य देबूराम शांडिल्य, तेजराम शांडिल्य, लक्ष्मीनारायण सेन, परमेश्वर श्रीवास, टेमन भारद्वाज, प्रकाश सेन, शिवनन्द सेन, उदयराम सेन, सेवकराम सेन, जगतराम सेन, नीरज कुमार सेन, आनन्द शांडिल्य, ईश्वर सेन, तेजेन्द्र सेन, नीरज सेन, टोमन भारद्वाज, फिरोज सेन, मोती सेन, शंकर लाल भार्गव बनाए गए।

## निगम सभापति, एमआईसी सदस्य ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण




- बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं और भोजन मेनू के बारे में ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर निगम की सभापति श्रीमती कौशल्या देवांगन एवं एमआईसी सदस्य महिला बाल विकास विभाग विभा चंद्राकर ने सोरिद वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी में बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं और भोजन मेनू के बारे में जानकारी ली। श्रीमती देवांगन ने बच्चों को मिलने वाले पोषक आहार जैसे खिचड़ी, दूध, फल और अन्य पोषक तत्वों पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से पूछा कि क्या आहार योजना के अनुसार बच्चों को सभी आवश्यक पोषक तत्व मिल रहे हैं और यदि कोई सुधार की आवश्यकता है तो उसे प्राथमिकता दी जाए।

विभा चंद्राकर ने आंगनबाड़ी में बच्चों की शिक्षा और खेलकूद के सामान की स्थिति भी जांची। निरीक्षण के बाद श्रीमती देवांगन ने आंगनबाड़ी सेवाओं में सुधार करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। आंगनबाड़ी में मिलने वाले भोजन और अन्य सुविधाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की बात उन्होंने अधिकारियों से कही।

## सामाजिक कार्यक्रम में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण




- रामपुर में तहसील साहू समाज का सम्मान समारोह एवं वार्षिक सम्मेलन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

ग्राम रामपुर तहसील परिक्षेत्र भखारा द्वारा हिंदू नव वर्ष सम्मान समारोह एवं वार्षिक सम्मेलन साहू सदन रामपुर में रखा गया। कार्यक्रम के अतिथि लेखराम साहू पूर्व विधायक कुरूद, विजय साहू, तुलेश्वर साहू ग्रामीण अध्यक्ष साहू समाज सिलौटी, गिरधारी राम साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र तर्रागोंदी, उदय राम साहू पूर्व जनपद सदस्य, गणेश राम साहू अध्यक्ष जिला साहू समाज, कोषाध्यक्ष गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरुद, डिगेश्वरी देवांगन जनपद सदस्य कुरुद, ऋषि साहू सरपंच रामपुर थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री साहू ने कहा कि सामाजिक कार्यक्रम में युवाओं को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। युवा ही भविष्य के सामाजिक कार्यों का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने लोगों से आग्रह किया। इससे समाज में बदलाव आयेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

### चेट्रीचंड पर्व पर शरबत का वितरण

**नगरी।** सिक्ख एंव सिंधी समाज द्वारा चेट्रीचंड पर्व के उपलक्ष्य में बजरंग चौक पर शरबत का वितरण किया गया। शाम को भगवान झूलेलाल की पूजा व आरती हुई। रात्रि में गुरुद्वारा गुरूसिंघ सभाहाल में लंगर का आयोजन किया गया। मौके पर सिक्ख एवं सिंधी समाज के अध्यक्ष अनिल वाधवानी, राजा टहलवानी, सुरेश नारंग, राकेश नारंग, सुरजीत सिंह खनूजा, शंकर पंजाबी, विक्की खनूजा, बलजीत सिंह छाबड़ा नगर पंचायत अध्यक्ष, विजय सचदेव, प्रेम वाधवानी, गिरधर टहलवानी, जसपाल सिंह खनूजा समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# महतारी वंदन योजना से वंचित महिलाओं को दूसरे फेज में मिलेगा मौका

- छग शासन का पोर्टल अप्रैल के प्रथम या दूसरे सप्ताह में खुलेगा, आवेदन ऑनलाइन होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी


फाइल फोटो

छग शासन की महतारी वंदन योजना का लाभ जिले के 235507 महिलाओं को मिल रहा है। योजना का लाभ मिलने से पारिवारिक जीवन सुदृढ़ हुआ है। योजना के इस लाभ से वंचित महिलाओं को जल्द ही इसका फायदा मिलने वाला है। अप्रैल के प्रथम या दूसरे सप्ताह में पोर्टल चालू हो जाएगा। इस बात के संकेत विभाग ने दिए हैं।

वर्तमान में जिले में महिलाओं की संख्या 327166 हैं, जिनमें से 235507 महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है। ऑनलाइन आवेदन के बाद 563 महिलाएं अपात्र घोषित हो गई थीं। यह योजना 5 मार्च 2024 से शुरू हुई है। महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये की राशि उनके बैंक एकाउंट में आ रही है। एक साल बाद छग शासन द्वारा इस योजना से वंचित महिलाओं के लिए पोर्टल चालू किया जायेगा जो अप्रैल के प्रथम या दूसरे सप्ताह में शुरू हो जाएगा। ऑनलाइन आवेदन च्वाइस सेंटर या स्वयं के पंजीकृत मोबाइल से विभाग की वेबसाइट में जाकर भर सकते हैं। सब्मिट की पुष्टि के बाद आवेदन की हार्डकापी ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम के कार्यालय में जमा करा सकते हैं। जांच के बाद फाइनल लिस्ट चस्पा की जाएगी जिसके बाद पात्र महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिलना प्रारंभ हो जाएगा। 1000 रूपये के मान से जिले की महिलाओं को हर माह 23 करोड़ 42 लाख 80 हजार रूपये का भुगतान हो रहा है। कुछ महिलाएं ऐसी हैं जिन्हें योजना का लाभ कुछ महीने ही मिला है। इसके लिए उन्हें बैंक खाते की केवायसी अपडेट कराना आवश्यक है। बैंक खाता चालू होना आवश्यक है। योजना का लाभ लेने वाले महिलाओं की उम्र 21 वर्ष से कम न हो, योजना का लाभ विवाहित, विधवा, तलाकशुदा, परित्यकता ले सकते हैं। योजना के लिए छग का निवासी, बैंक खाता, आधार कार्ड, डीबीटी सक्रिय, अधिकतम 21 से 60 वर्ष की आयु की महिलाएं पात्र होंगी। महिला इनकम टैक्स पेयर और सरकारी कर्मचारी नहीं होनी चाहिए।

HEALTH TOWN
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### नवोदय में आशय का चयन



धमतरी। केंद्रीय विद्यालय के छात्र आशय देवांगन का चयन जवाहर नवोदयन विद्यालय में हुआ है। आशय शुरू से ही पढ़ाई में अच्छा है। नवोदय प्रवेश परीक्षा के लिए उसने शिक्षक जीआर चंदेल के सानिध्य में तैयारी की। लगातार मेहनत करता रहा, जिसका फल उसे मिला है। इस सफलता पर पिता मनीष देवांगन, मां श्रीमती योगमाया देवांगन, शिक्षक रीमन देवांगन सहित अन्य लोगों ने हर्ष जताया है।

### चना खरीदी का भुगतान नहीं होने से किसान परेशान : पवार



धमतरी। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं धमतरी जनपद सदस्य प्रकाश पवार ने कहा कि चना खरीदी के 15 दिन के बाद भी भुगतान न होने से किसान परेशान हैं। दवाई, खाद, मजदूरी और ट्रैक्टर के पेमेंट के लिए भटक रहे। उन्होंने आगे कहा कि सरकार द्वारा सोसायटियों के माध्यम से 8600 रुपए में किसानों को चना बीज दिया गया और उससे 5640 रुपए में चना खरीदा जा रहा है। इससे मार्केट में भी चना का मूल्य दब गया। किसानों को दोहरे नुकसान से जूझना पड़ रहा है। एक तो चना बेचने के बाद भुगतान नहीं हो रहा है और न ही उचित मूल्य मिल पा रहा है।

### वाटरशेड रथ को कलेक्टर ने दिखाई हरी झण्डी

धमतरी। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कलेक्टोरेट परिसर से वाटरशेड रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के मगरलोड विकासखण्ड के विभिन्न गांवों में पहुंचकर जल संरक्षण और भूमि संरक्षण के बारे में लोगों को जागरूक करेगा। ग्रामीणों को इस रथ के माध्यम से पानी बचाने, पानी का समुचित उपयोग करने, जमीन की उर्वरा शक्ति को बचाने-बढ़ाने के लिए किए जाने वाले उपायों की जानकारी ऑडियो विजुअल माध्यम से दी जाएगी। धमतरी जिले में यह रथ जलग्रहण मिशन कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से भूमि संसाधन विभाग ग्रामीण विकास मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा भेजा गया है। यह रथ दो अप्रैल को धमतरी पहुंचा है। उप संचालक कृषि मोनेश साहू ने बताया कि ग्रामीणों में जल संरक्षण, भू-संरक्षण एवं पौध सम्रक्षण को बढ़ावा देकर लोगों को सजग करने और आने वाली पीढ़ी को जल जगल एवं जमीन को बचाने की जानकारी देना के उद्देश्य से यह यात्रा शुरू की गई है। धमतरी जिले में गर्मी के मौसम में गिरते हुए भूजल स्तर को ध्यान में रखते हुए बारिश के पानी को संरक्षित करने और पानी का सदुपयोग करने के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टोरेट परिसर से यह वाटरशेड यात्रा रथ मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम भोथीडीह स्थित माइक्रोवाटरशेड समिति पहुंची, जहा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। अधिकारियों ने लोगों को जागरूक करते हुए यात्रा के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। बारिश के पानी को संरक्षित करने और भूजल स्तर को बढ़ाने के सबंध में जानकारी दी गई।

असामाजिक तत्वों के जमावड़े से माहौल खराब हो रहा, क्रमवार आंदोलन की चेतावनी

# शराब दुकान को हटाने दानीटोला के रहवासियों ने नगर पालिक निगम में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



दानीटोला वार्ड के रहवासियों ने गुरूवार को वार्ड में स्थित देशी विदेशी शराब दुकान का विरोध करते हुए अन्यत्र हटाने की मांग निगम प्रशासन से की है। महापौर को ज्ञापन देने पहुंचे वार्डवासियों ने उनकी अनुपस्थिति पर निगम कार्यालय के सामने जमकर प्रदर्शन किया। नारेबाजी करते हुए शराब दुकान को अन्यत्र हटाने की मांग की। कुछ देर रूकने के बाद भी महापौर के नहीं मिलने से ज्ञापन कार्यालय में छोड़कर चले गए तथा चेतावनी दी कि शराब दुकान को अन्यत्र नहीं हटाया गया तो वार्डवासी क्रमवार आंदोलन करेंगे, जिसमें धरना, प्रदर्शन, अनशन, भूख हड़ताल होगी।

वार्डवासी राजेन्द्र नाग, आसाराम साहू, निर्मला साहू, थानसिंह साहू, त्रिलोक साहू, शत्रुघन साहू, घनश्याम ध्रुव, कुंती बाई, दुलिया बाई, मोहिनी साहू, गीता साहू, पप्पू साहू, कुमारी साहू, गोदावरी साहू, सावित्री साहू, दशोदा साहू, सुखबाई साहू, लोकेश्वरी ध्रुव, लक्ष्मी बाई, जुग बाई, द्वारिका साहू, रामप्रसाद साहू, ईश्वर साहू ने बताया कि दानीटोला वार्ड सिहावा रोड में तालाब के पास देशी विदेशी शराब दुकान खोली गई है। शराब दुकान के कारण खोमचे, पानी बोतल, चखना की दुकानें भी हैं जहां शराब शराब सेवन कर नशे की हालत में वार्ड में गाली-गलौज कर मारपीट तक करने उतारू हो जाते हैं। शराबियों की भीड़ के कारण रास्ता जाम रहता है। यातायात व्यवस्था बदहाल होने से दुर्घटना की संभावना बढ़ गई है। शराब दुकान के कारण पूरा वार्ड का माहौल खराब हो गया है। वार्ड में असामाजिक तत्वों का जमघट लगा रहता है। स्कूली बच्चे भी नशे के गिरफ्त में आ चुके हैं। कुछ बच्चों का रायपुर स्थित नशामुक्ति केन्द्र में इलाज चल रहा है। शराब दुकान के पास तालाब है जहां वार्डवासी निस्तारी करने पहुंचते हैं। रोड में दर्जनों दुकानें हैं जहां संभ्रात परिवार खरीदारी करने पहुंचते हैं। शराबियों के कारण वे असुविधा महसूस करते हैं। शराब दुकान के आसपास हनुमान मंदिर, दुर्गा मंदिर है जहां वार्ड की महिला, पुरूष, बच्चे पूजा पाठ करने जाते हैं। लोगों की उपासना, पूजा पाठ में विघ्न पहुंच रहा है। अवैध रूप से खोमचे संचालित होने के कारण देर रात तक भीड़ रहती है। भीड़ के कारण सिहावा मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को परेशानी होती है।

## दिल्ली में आयोजित जिला अध्यक्षों की बैठक में शामिल हुए शरद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

भारतीय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन 9 ए कोटला मार्ग नई दिल्ली में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों की बैठक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित शीर्ष नेताओं की उपस्थिति में हुई। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहाना सहित प्रदेश के सभी जिला कांग्रेस अध्यक्ष शामिल हुए।

बैठक में प्रमुख रूप से ब्लॉक, जोन, सेक्टर, बूथ कांग्रेस कमेटी सहित पूर्व में सम्पन्न धरना प्रदर्शन, आंदोलन के सहित विभिन्न विषयों पर जानकारी ली गई साथ ही हर मोर्चे पर बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती के लिए चर्चा की गई।

## मेनोनाईट स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मेनोनाईट इंग्लिश सी.से. स्कूल में हर्षोल्लास से शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। ज्ञात हो कि वार्षिक परीक्षा परिणाम के पश्चात सभी जगह स्कूल प्रारंभ हो रहे हैं। 2 अप्रैल बुधवार को स्कूल में घंटी बजी और विद्यार्थी स्कूल यूनिफॉर्म में खुशी-खुशी पढ़ने पहुंचे। पहले दिन शिक्षकों ने उत्साह के साथ बच्चों का स्वागत किया। बच्चों ने गीत-संगीत के माध्यम से शाला प्रवेश का आनंद लिया। नवागंतुक छात्रों का भी स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या श्रीमती एचके खालसा ने शिक्षकों से सभी छात्रों का हर्षोल्लास से स्वागत करते हुए हमेशा उनका मार्गदर्शन करने की इच्छा जाहिर की। आगे कहा कि शाला में छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु समुचित व्यवस्था प्रदान की जाए साथ ही छात्रों को बुनियादी सुविधाएं एवं उचित मार्गदर्शन देने शिक्षकों को प्रोत्साहित किया और शिक्षा की राह में आने वाली बाधाओं को मिलकर दूर करने की बात कही।

## हनुमान जन्मोत्सव पर 10 से 13 अप्रैल तक महारुद्राभिषेक, श्याम भजन

■ अमन, चैन, सुख, शांति का आश्रम स्थल है हमारा धर्म व अध्यात्म : पं. राजेश शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



हनुमान जन्मोत्सव पर 10 से 13 अप्रैल तक महारुद्राभिषेक, श्याम भजन, श्रीराम अभिषेक, श्री हनुमंत अभिषेक आराधना के साथ महाभंडारा का आयोजन महालक्ष्मी ग्रीन राधाकृष्ण परिसर में किया गया है। शहर के समाजसेवी एवं धर्मप्रेमी पंडित राजेश शर्मा ने बताया कि यह आयोजन विश्व बंधुत्व तथा सनातन मजबूत की भावनाओं को लेकर किया जा रहा है। भारत की वसुधैव कुटुंबकम को आगे बढ़ाने के लिए जगतगुरु शंकराचार्य के आह्वान पर उनके शिष्य झम्मन प्रसाद शास्त्री की देखरेख में वेदपाठी विद्वान ब्राम्हणों की टीम द्वारा मंत्रोचारण किया जाएगा। श्री शर्मा ने आगे बताया कि आज के भागमभाग युग में सुख-शांति का आश्रय सिर्फ धर्म व आध्यात्मिक आयोजन ही है। तैयारी बैठक में मुख्य रूप से पंडित राजेश शर्मा, दीपक लखोटिया, अर्जुनपुरी गोस्वामी, कुमार रणसिंह, प्रकाश शर्मा, दिलीपराज सोनी, पीवी पराडकर, योगेश गांधी, सुशील शर्मा, राधेश्याम अग्रवाल, राजेंद्र माहेश्वरी, विजय साहू, शिवदत्त उपाध्याय, गिरीश चौबे, नरेंद्र गोलछा, पप्पी पंजवानी, खूबलाल ध्रुव, पिंटू यादव, कुलेश सोनी, मुकेश शर्मा, आशीष थिटे, विकास शर्मा, लक्की डागा, चंद्रकला पटेल, बीथिका विश्वास, सरिता यादव, रुक्मणि सोनकर, नम्रता पवार, ईश्वरी पटवा, डॉली सोनी, रामशीला साहू उपस्थित थे। बैठक का संचालन महेंद्र खंडेलवाल और आभार प्रदर्शन योगेश साहू ने किया।

## सप्ताह में एक दिन सिर्री में लगेगा तहसीलदार कोर्ट

■ उपतहसील में शुरू होगा कामकाज, नायब तहसीलदार बैठेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कुरूद अनुभाग के सिर्री में मंजूर हुए उपतहसील कार्यालय में अब हर सप्ताह गुरूवार को तहसीलदार कोर्ट लगेगा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कुरूद एसडीएम को जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। सिर्री के समरसता भवन में अब हर गुरूवार को नायब तहसीलदार दुर्गेश कंवर शासकीय कामकाज संचालित करेंगे। सिर्री के उपतहसील कार्यालय को नियमित रूप से संचालित करने के लिए जरूरी व्यवस्थाएं की जा रहीं हैं। पहले चरण में सप्ताह में एक दिन नायब तहसीलदार को सिर्री में कार्यालय लगाकर स्थानीय निवासियों के राजस्व संबंधी कामों को करने और राजस्व मामलों को निपटाने के निर्देश दिए गए हैं। सिर्री में हर गुरूवार को लगने वाले बाजार के दिन यह व्यवस्था की जा रही है। इस व्यवस्था से सिर्री सहित आसपास के क्षेत्रों से अपने दैनिक जरूरत की चीजें खरीदने बाजार आने वाले लोगों को राजस्व संबंधी मामलों के निराकरण में खासी सुविधा हो जाएगी। एसडीएम नभसिंह कोसले ने बताया कि सिर्री में उप तहसील को मंजूरी मिलने के बाद स्टॉफ की कमी और अन्य प्रशासनिक कारणों से कार्यालय का नियमित संचालन नहीं हो पा रहा है। परन्तु कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर अब हर गुरूवार को सिर्री में तहसीलदार का कोर्ट-कार्यालय लगेगा।

एसडीएम ने बताया कि इसके लिए समरसता भवन की साफ-सफाई से लेकर कार्यालय के अनुरूप बैठने की व्यवस्था का इंतजाम किया जा रहा है। पहले चरण में सप्ताह में एक दिन तहसील कार्यालय शुरू होने के बाद लोगों को अपने छोटे-छोटे राजस्व संबंधी कामों के लिए कुरूद तक नहीं आना पड़ेगा। उन्होंने यह भी बताया कि सिर्री और आसपास के गांवों के लोगों को आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र बनाने के साथ-साथ नामांतरण, बंटवारा जैसे कामों के लिए भी सहूलियत मिलेगी। आने वाले दिनों में इस उप तहसील कार्यालय के लिए पर्याप्त स्टॉफ और स्थायी भवन की व्यवस्था भी की जाएगी।

## रामनवमी पर 5 को बाइक रैली व 6 को निकलेगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



फाइल फोटो

श्रीराम जन्म महोत्सव पर श्रीराम नवमी आयोजन समिति एवं श्री सिद्धेश्वर महाकालेश्वर मंदिर समिति बनियापारा धमतरी के संयुक्त तत्वावधान में 2008 से प्रारम्भ वर्ष भव्य शोभायात्रा एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है। इस साल रामनवमी पर मोटरसाइकिल रैली 5 अप्रैल को दोपहर 3 बजे से श्री सिद्धेश्वर महाकालेश्वर मंदिर से प्रारंभ होगी। रैली देवश्री टॉकीज रोड, रत्नाबांधा चौक, मकई चौक, पावर हाउस दुर्गा मंदिर पहुंचेगी जहां मां दुर्गा को श्रृंगार एवं चढ़ावा अर्पित किया जाएगा तत्पश्चात रैली गोल बाजार, सदर बाजार, बिलाई माता मंदिर, लक्ष्मी निवास चौक, अंबेडकर चौक, रत्नाबांधा चौक होते हुए पुनः श्री सिद्धेश्वर महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर विश्राम लेगी।

श्रीराम के जन्मोत्सव पर 6 अप्रैल को भगवान श्रीरामचंद्र का अभिषेक, श्रृंगार एवं त्रिपुण संस्कार दोपहर 3:15 बजे संपन्न होगा तत्पश्चात 4 बजे महाआरती के पश्चात भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसमें प्रभु श्रीराम को रथ में विराजमान कर विभिन्न सांस्कृतिक झांकियों एवं धार्मिक आयोजनों के साथ रथयात्रा प्रारम्भ होगी जो श्री महाकालेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर रत्नाबांधा चौक, मकई चौक, सदर बाजार होते हुए विंध्यवासिनी मंदिर पहुंचेगी, जहां श्रृंगार चढ़ावा एवं प्रसाद वितरण के साथ यात्रा का समापन होगा। श्रीराम नवमी आयोजन समिति के तीरथ राज फुटान, प्रीतेश गांधी, अशोक पवार, दिलीप बड़जातिया, बबलू थवाईत, देवचरण सिंह ध्रुव, गणेश कोसरिया, शिखर कोचर, भरत भानुशाली, अमित अग्रवाल, दीपक चोपड़ा, महेंद्र चोपड़ा, नंदू जसवानी, दिलीप पटेल, प्रकाश सोलंकी, राजेंद्र शर्मा, घनाराम सोनी, बबला पटेल, अरुण फुटान, दीपेश मोटवानी, शुभांक मिश्रा, चिङ्गा फुटान, कोमल फुटान, अमन थवाईत, अजय गौतम, विक्की मंगलानी, संदीप नेताम, रिंकू यादव, सुशांत रजक, बिट्टू पटवा, ओम थवाईत ने श्रद्धालुओं से इस आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

संगठन ने पूरे पखवाड़े भर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने की कार्ययोजना बनाई

## भाजपा जनता के बीच जाकर काम करती है : पाणिग्रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



6 अप्रैल को स्थापना दिवस एवं 14 अप्रैल संविधान दिवस को संगठन पखवाड़े के रूप में मनाए जाने की तैयारी को लेकर भाजपा की बैठक गुरुवार को जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक प्रभारी एवं भाजपा के संभाग सहप्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही ने बताया कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो सतत जनता के बीच जाकर काम करती है। भले ही सभी चुनाव संपन्न हो गए हो पर संगठन की सक्रियता में कोई कमी नहीं आई है। उन्होंने बताया कि भाजपा के बूथ स्तर पर मनाए जाने वाले 6 प्रमुख कार्यक्रमों में से सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम पार्टी का स्थापना दिवस है जो 6 अप्रैल को मनाया जाता है। उसके साथ ही भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती 14 अप्रैल को मनाई जाती है।

इन दोनों को मिलाकर संगठन द्वारा पूरे पखवाड़े भर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने की कार्ययोजना बनी है। 6 एवं 7 अप्रैल को भाजपा के सभी कार्यकर्ता अपने घरों में झंडा लगायेंगे।

मंडल एवं जिला स्तर पर गोष्ठियां आयोजित की जाएंगी। 8 एवं 9 अप्रैल को मंडल स्तर पर सक्रिय सदस्य सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। गांवों एवं बस्तियों में कार्यकर्ता 8 घंटे बिताएंगे। लाभार्थियों से संपर्क, सार्वजनिक स्थलों की सफाई, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं को जानने और उनके समाधान का प्रयास किया जाएगा। 13 अप्रैल को अम्बेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर अंबेडकर जी की मूर्ति स्थलों की सफाई, सजावट तथा दीप प्रज्ज्वलन किया जाएगा। 14 अप्रैल को प्रातः अंबेडकर की प्रतिमा पर मल्यार्पण किया जाएगा। 14 से 25 अप्रैल के बीच सामाजिक सम्मेलन जिला स्तर पर किया जाएगा। संपूर्ण कार्यक्रम के लिए जिले में 4 सदस्यों की टोली बनाई गई है जिसके संयोजक कविंद्र जैन हैं तथा मंडल स्तर पर 3 सदस्यों की टोली बनाई गई है जो संपूर्ण कार्यक्रम की मॉनिटरिंग करेगी। जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस सहित जिले के प्रमुख पदाधिकारी तथा सभी मंडल के अध्यक्ष द्वारा कार्यक्रम को संपन्न कराने प्रत्येक स्तर पर प्रभारी बनाकर कार्य विभाजन किया गया है।

## अवैध होर्डिंग्स और पोस्टर हटाए गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

आयुक्त प्रिया गोयल के निर्देश पर उपायुक्त पीसी सार्वा के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने शहर में अवैध रूप से लगे होर्डिंग्स और पोस्टरों को हटाने की कार्रवाई की। यह विशेष अभियान सोरिद, रत्नाबांधा चौक से मकई चौक तक चलाया गया। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों और बिजली के खंभों पर लगे अवैध पोस्टर और बैनर न केवल शहर की सुंदरता को बिगाड़ रहे थे, बल्कि यातायात में भी बाधा उत्पन्न कर रहे थे। अभियान के दौरान नगर निगम कर्मचारियों ने करीब 200 अवैध पोस्टर हटाए। नगर निगम ने आम नागरिकों और व्यापारियों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार अवैध रूप से होर्डिंग, बैनर या पोस्टर न लगाएं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध होर्डिंग्स लगाने वालों पर जुर्माना भी लगाया जाएगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025, 25 जुलाई से 05 अगस्त (सावन में) (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

खरीदी केंद्रों में बड़ी मात्रा में चना जाम, नुकसान की आशंका

# बेमौसम बारिश से चना खरीदी केंद्रों में आफत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



अचानक हुई बारिश ने चना खरीदी पर संकट खड़ा कर दिया है। कई केंद्रों में खरीदी चल रही थी, तत्काल ही चना को तिरपाल से ढंका गया। वहीं उठाव नहीं होने से भी बड़ी मात्रा में चना खरीदी केंद्रों में जाम है, जिससे बारिश से नुकसान की आशंका बढ़ गई है।

बुधवार से आसमान पर बादलों की उमड़ घुमड़ चालू है। गुरुवार को दोपहर 3.30 बजे बादलों की उमड़ घुमड़ बारिश में बदल गई। बारिश करीब एक घंटे तक चली, लेकिन 20 मिनट तक बारिश तेज थी। इसके बाद बूंदाबांदी चलती रही। मौसम में आए इस बदलाव से चना खरीदी केंद्रों में परेशानी बढ़ गई है। चने की फसल पानी के प्रति काफी संवेदनशील होती है। थोड़ी सी भी नमी इसकी क्वालिटी खराब कर सकती है। ऐसे में चना खरीदी केंद्रों में नुकसान की आशंका बढ़ गई है। कई केंद्रों में बारिश के वक्त खरीदी चल रही थी। आनन-फानन में चना के बोरों को ढंका गया है, फिर भी चना में नमी आने का डर है। उधर खरीदी केंद्रों से एक बीज चना उठाव नहीं किया गया है। बड़ी मात्रा में चना खरीदी केंद्रों में ही जाम है। ऐसे में नुकसान का खतरा और बढ़ गया है।

### धान फसल में बीमारी का खतरा

बेमौसम बारिश से उमस बढ़ेगी। ऐसे में धान की फसल में माहू, पेनिकल माइट, लकवा सहित कई प्रकार की बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। किसानों ने बताया कि इस साल खेती में कीटनाशक का खर्च पहले से ज्यादा आया है। अब इस मौसम से खर्च और बढ़ जाएगा। उन्होंने बताया कि अभी धान की फसल में फूल लग रहे हैं। बारिश से फूल झड़ जाएंगे। उत्पादन पर भी असर पड़ेगा। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मौसम में बदलाव का दौर कुछ दिन और जारी रहेगा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं-
स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020